भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 4206

गुरुवार, 18 जुलाई, 2019/27 आषाढ़, 1941 (शक)

दिल्ली-सहारनपुर-यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग

4206. श्री हाजी फजलुर रहमानः

क्या **सड़क परिवहन और राजमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या दिल्ली-सहारनपुर-यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग सं॰ 709-बी के निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहण किया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ग) परियोजना के कब तक पूरा होने की संभावना है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग): राष्ट्रीय राजमार्ग सं॰ 709-बी अक्षरधाम (दिल्ली में) के पास रारा-9 के साथ इसके जंक्शन से प्रारम्भ होता है और शास्त्री पार्क, खजूरी खास, ईपीई क्रॉसिंग, बागपत, बड़ौत, शामली से होकर गुजरता है और सहारनपुर के पास रारा-344 के साथ इसके जंक्शन पर समाप्त होता है। इस सड़क खंड के सिविल कार्य की परिकल्पना 4 पैकेजों में की गई है। 2 पैकैजों अर्थात ईपीई क्रॉसिंग से शामली बाईपास के प्रारम्भ तक और शामली बाईपास के प्रारम्भ से सहारनपुर बाईपास पर जुड़ाव तक का सिविल कार्य नियत तारीख से क्रमशः 18 महीने और 24 महीने की निर्धारित समापन अवधि के साथ सौंपा गया है। इन पैकेजों के लिए अपेक्षित कुल भूमि लगभग 390 हेक्टेअर है, जिसमें से 368 हेक्टेअर भूमि लगभग 22 हेक्टेअर के शेष अधिग्रहण के साथ उपलब्ध है। 2 पैकेजों अर्थात अक्षरधाम से दिल्ली/यूपी सीमा तक और दिल्ली/यूपी सीमा से ईपीई क्रॉसिंग तक के डीपीआर/व्यवहार्यता अध्ययन के लिए कार्य शुरू कर दिया गया है।

*****